# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 6 अप्रैल, 2016/17 चैत्र, 1938 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 29**

----

### केन्द्र से वित्तीय सहायता

***3239 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2015 के दौरान प्रदेश में भारी बरसात से सड़कों, पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं, सरकारी व निजी सम्पत्ति को हुए नुकसान की भरपाई हेतु प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि की मांग की थी;

(ख) इस अवधि में प्रदेश सरकार को केन्द्र से कितनी वित्तीय सहायता प्राप्त हुई; और

(ग) सरकार द्वारा क्या इस राशि का आबंटन कर दिया गया है; यदि हां, तो आबंटित राशि का ब्यौरा जिलावार दें?

----

### मुख्य मंत्री आदर्श ग्राम योजना

***3240 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत गांवों के चयन की क्या प्रकिया है; योजना की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

***3241 श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हैं;

(ख) इन केन्द्रों में स्टाफ के कितने-कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) इन केन्द्रों हेतु कितने भवन बनकर तैयार हो गए हैं तथा किस-किस भवन की भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम नहीं है; ब्यौरा दें?

----

## सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट

***3242 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 16.04.2012 को मु0 8.5 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली माता चिन्तपुरनी सीवरेज योजना का प्रशासनिक अनुमोदन व वित्तीय स्वीकृति भाषा एवं संस्कृति विभाग से प्राप्त हो चुकी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सीवरेज के कार्य व ट्रीटमैंट प्लांट के निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरित हो चुकी है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इस योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## अनापत्ति प्रमाण-पत्र

***3243 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंचायतों द्वारा 1 किलोमीटर तक की सड़कों के निर्माण हेतु वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) कौन जारी करता है और इसके लिए कितनी समय-सीमा निर्धारित है; ब्यौरा दें ?

----

## National Rural Drinking Water Programme

***3244 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) during the financial year 2015-16 what was the target fixed by IPH Department for covering left out P.C. habitations under National Rural Drinking Water Programme (NRDWP) in the State; details be given division-wise;

(b) whether it is a fact that the Department has reduced the target at a later stage; if so, reasons thereof; and

(c) on 31-01-2016 what is the position of allotment of funds; division-wise details be given ?

----

## Construction of Building

***3245 Sh. Suresh Bhardwaj(Shimla) :**
**Sh. Anirudh Singh(Kasumpti) :**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the new O.P.D. block at I.G.M.C. is under construction; and

(b) if so, what is the estimated cost of this block and by when the construction work will be completed ?

----

## ग्राम पंचायत निरमण्ड

***3246 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ग्राम पंचायत निरमण्ड को क्या नगर पंचायत बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## वरिष्ठ सहायक हेतु आरक्षित पद

***3247 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में तहसीलदार के पदों पर पदोन्नति हेतु प्रदेश सचिवालय के वरिष्ठ सहायकों हेतु कुछ पद आरक्षित हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके  क्या नियम हैं; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) सरकार क्या प्रदेश सचिवालय की तर्ज पर अन्य सचिवालयों के वरिष्ठ सहायकों को भी तहसीलदार के पद आरक्षित करने पर विचार करेगी; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो कारण?

----

## मिड हिमालय जलागम विकास परियोजना

***3248 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत जिन्दौड़ के केलो-आगे से वटेड़ गांव तक मिड हिमालय जलागम विकास परियोजना के अन्तर्गत एक सिंचाई योजना का निर्माण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कब किया गया तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) यह भी सत्य है कि यह योजना क्षतिग्रस्त है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इसकी मरम्मत करवाने के लिए क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## पटवार वृत्त

***3249 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की नई सृजित तहसील डाडासीबा के अन्तर्गत कितने पटवार सर्कल सम्मिलित किए गए;

(ख) इन पटवार सर्कलों को तहसील डाडासीबा में सम्मिलित करने हेतु क्या स्थानीय जनता या पंचायतों के प्रस्ताव लिए गए थे; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार इन पटवार सर्कलों को वापिस तहसील देहरा में सम्मिलित करने पर विचार करेगी ?

----

## सड़क निर्माण

***3250 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा कितनी सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) इन सड़कों को कब तक लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## रोगी कल्याण समिति के अन्तर्गत नियुक्ति

***3251 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2012 से प्रदेश में जिन स्टाफ नर्सिज तथा पैरा-मैडिकल स्टाफ ने अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर से परीक्षा उत्तीर्ण की है उनको विभाग द्वारा अनुबंध के आधार पर न रखकर रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत नियुक्ति दी गई है;

(ख) यदि हां, तो दिनांक 31-1-2016 तक कितनी स्टाफ नर्सिज/पैरा-मैडिकल स्टाफ इसके अन्तर्गत कार्यरत हैं; और

(ग) सरकार क्या इन कर्मचारियों को नियमित करने के लिए कोई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजना

***3252 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत दाणोघाट के अन्तर्गत पेयजल योजना नेरी पलाटा को विधायक प्राथमिकता में डाला गया था; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना का कार्य कब प्रारम्भ किया जाएगा तथा कब तक पूर्ण करने का प्रस्ताव है?

----

## स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता

***3253 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस स्वास्थ्य उप-केन्द्र में पुरूष व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता तैनात नहीं हैं; ब्यौरा उप-केन्द्रवार दें; और

(ख) सरकार की क्या सिविल अस्पताल बैजनाथ को स्तरोन्नत करके 100 बिस्तरों का करने की योजना है; यदि हां, तो कब तक?

----

## पेयजल योजनाएं

***3254 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में धर्मपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी पेयजल योजनाएं परिचालन रख-रखाव के लिए ठेके पर किन-किन ठेकेदारों को किन-किन नियम एवं शर्तों में दी गई;

(ख) उठाऊ पेयजल योजना नगैणी-खेड़ी, कांडा पतन -धवाली, कांडा पतन-सज्याओ, कांडा पतन -सरकाघाट, रियूर-डीडणू-हणाणी, ब्रैहल-कमलाह, पपलोग, उहलू-कमलाह-गदीधार और टौर खोला योजनाओं के अन्तर्गत पेयजल क्यों 15-15 दिनों के बाद दिया जा रहा है;

(ग) नगैणी-खेड़ी योजना की मोटरें कब से खराब पड़ी हैं व अन्य योजनाओं में पानी की Rising Main जगह-जगह से फटी है; इनकी मरम्मत कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें; और

(घ) कितनी बार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग सरकाघाट द्वारा इन योजनाओं का निरीक्षण किया गया; ब्यौरा तिथिवार दें?

----

## मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना

***3255 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना हेतु विभिन्न मदों में कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा मदवार व वर्षवार दें; और

(ख) इस अवधि में विभाग ने धनराशि को कहां-कहां, किस-किस कार्य पर व्यय किया; ब्यौरा वर्षवार, कार्य पर व्यय की गई धनराशि सहित दें ?

----

## ट्रॉमा सैंटर की स्थापना

*3256 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में ट्रॉमा सैंटर खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## वृक्ष कटान

*3257 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दस वर्षीय पातन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में निजी भूमि में वृक्ष कटान की योजना किस-किस जिले व वन रेंज में करने का निर्णय लिया गया; ब्यौरा दें;

(ख) इसके अन्तर्गत निजी भूमि में किस-किस प्रजाति के वृक्ष कितनी-कितनी मात्रा में काटे जाएंगे व इससे सरकार को कितना राजस्व प्राप्त होगा; और

(ग)विभाग द्वारा प्रदेश में किस-किस जिले में बकाया निजी भूमि पर वृक्ष कटान की अनुमति दी गई ; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## मजदूरों का नियमितीकरण

*3258 **श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 31.03.2014 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 7 वर्ष पूर्ण कर चुके कितने दिहाड़ीदार मजदूरों को पक्का किया गया; और

(ख) प्रदेश में विभाग के अन्तर्गत ऐसे कितने दिहाड़ीदार मजदूर हैं जिन्होंने दिनांक 01.01.2016 तक 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं; उन्हें पक्का करने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## श्मशानघाट शिवपुर

***3259 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गांव शिवपुर के श्मशानघाट के नाम कितनी भूमि है; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## पदपूर्ति

***3260 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल, पधर (मण्डी) के अन्तर्गत उप-मण्डल क्रमशः जोगिन्द्रनगर व लडभड़ोल में कितने तकनीकी व गैर-तकनीकी (Technical & Non-Technical) कर्मचारियों/अधिकारियों के पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा उप-मण्डलवार व पदवार दें; और

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त हैं तथा इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल

***3261 श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने आयुर्वैदिक अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हैं;

(ख) इन सभी संस्थानों के लिए क्या भूमि विभाग के नाम स्थानांतरित कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इन संस्थानों हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

## अध्यक्ष को शक्तियां

***3262 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश की नगर परिषदों व नगर पंचायतों में सभी प्रकार की अदायगी केवल सम्बन्धित कार्यकारी अधिकारी (E.O.) के हस्ताक्षर से ही की जाती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार वित्तीय अनियमितताएं रोकने के लिए चुने हुए नगर परिषदों के अध्यक्षों को पुनः पेमैन्टस के चैकों पर हस्ताक्षर करने की शक्तियां देने पर विचार करेगी?

----

## One Time Settlement Policy

***3263 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) whether Government is proposing to bring one time settlement policy for regularising unauthorised houses/structures built in and around Shimla Municipal area; if so, details be given; and

(b) how many houses/structures are presently without regularisation under Municipal Corporation Shimla; details be given?

----

## विश्राम गृह

***3264 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वन विभाग के अन्तर्गत कितने विश्राम गृह व निरीक्षण हट कहां-कहां स्थित हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) इन विश्राम गृहों/हटों का आरक्षण किसके माध्यम से किया जाता है तथा इनके आरक्षण की क्या प्रक्रिया है; और

(ग) गत तीन वर्षों में इन विश्राम गृहों/निरीक्षण हटों में हुए आरक्षण का ब्यौरा व्यक्तियों के नाम/पते सहित दें?

----

## उठाऊ पेयजल योजना

***3265 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पच्छाद क्षेत्र में एन0सी0/पी0सी0 बस्तियों के लिए उठाऊ पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो कौन-कौन सा क्षेत्र कवर किया जा रहा है; इसका निर्माण कार्य कब शुरू किया गया तथा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) सरकार इस कार्य को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***3266 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा एफ0आर0यू0 अस्पताल अर्की में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## सिंचाई योजनाएं

***3267 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई की कितनी योजनाएं निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन योजनाओं को कब-कब शुरू किया गया तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम सहित दें; और

(ग) इन योजनाओं के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 21 मार्च , 2016 .** **सचिव।**